# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
विनोवापुरी (लोलेपुर) निकट वर्मा उपवन, सुलतानपुर।

**E- mail:-** upjnrsultanpur@upjn.co.in


**पत्रांक 4612 / W-19 / 102** **दिनांकः–30/07/2026**

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः–<u>दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित निगेटिव खबर के सम्बन्ध में।</u>**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल मीडिया दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर **''सुलतानपुर दोमुहा रोड पर एथेनाल टैंकर पलटाः जल जीवन मिशन के गड्ढें में गिरा, आवागमन बंद, फायर ब्रिगेड तैनात''** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकासखण्ड–भदैया के अन्तर्गत छतौना पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी, नोएडा द्वारा करवाया जा रहा है। उक्त योजना के पाइप के कार्यो को 1.5 वर्ष पहले ही पूर्ण कर रोड गड्ढों को स्थाई रूप से समतल कर दिया गया था। वहां पर कोई भी रोड से सम्बन्धित कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है व न ही कोई गड्ढ़ा छूटा हुआ है। दोमुहा मार्ग पर टैंकर जल निगम के किसी भी गड्ढे से नहीं पलटा है। स्थानीय निवासियों द्वारा भी अवगत कराया गया योजना के पाइप लाइन के कार्यों को 1–1.5 वर्ष पूर्व में ही पूर्ण करा दिया गया था (स्थानीय निवासियों द्वारा दिया गया पत्र की छायाप्रति संलग्न) एवं मार्ग पर कोई गड्ढ़ा नहीं था। उक्त मार्ग पर टैंकर पलटने पर उसे निकालने के लिए जे0सी0बी0 एवं क्रेन का प्रयोग किया गया जिस कारण पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त प्रकरण को निक्षेपित करवाने की कृपा करें।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

Digitally signed by VAQAR HUSAIN
Date: 2026.07.30 18:03:35 +05'30'

(वकार हुसैन)
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक :–उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपिः–** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता(ल0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या कैम्प–सुलतानपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
6. जिला सूचना अधिकारी, सुलतानपुर।
7. श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियन्ता/श्री धर्मनाथ यादव, जूनियर इंजीनियर।
8. डी0पी0एम0–मेसर्स फिचनर, टी0पी0आई0, सुलतानपुर।
9. मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी, नोएडा।

Digitally signed by VAQAR HUSAIN
Date: 2026.07.30 18:03:51 +05'30'

अधिशासी अभियन्ता

# सुलतानपुर दोमुहा रोड पर एथेनॉल टैंकर पलटा: जल जीवन मिशन के गड्ढे में गिरा, आवागमन बंद, फायर ब्रिगेड तैनात

शुभ पांडेय | भदैंया(सुल्तानपुर), सुलतानपुर
1 दिन पहले



सुलतानपुर दोमुहा रोड पर एथेनॉल टैंकर पलटा।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us
फीडबैक दें




सुलतानपुर के भदैया स्थित दोमुहा-सुलतानपुर रोड पर मंगलवार देर रात एथेनॉल से भरा एक टैंकर पलट गया। यह टैंकर जल जीवन मिशन के लिए खोदी गई पाइपलाइन के गड्ढे में गिरा। हादसे में टैंकर चालक घायल हो गया। ज्वलनशील केमिकल के रिसाव और आग लगने के खतरे को देखते हुए लगभग आठ किलोमीटर के रास्ते पर आवागमन बंद कर दिया गया है।

यह घटना दोमुहा-सुलतानपुर रोड पर छतौना गांव के पास रात करीब एक बजे हुई। बलरामपुर से मिर्जापुर जा रहे दो एथेनॉल टैंकरों में से एक, जिसका नंबर यूपी 62 एटी 9688 था, पलट गया। दूसरा टैंकर, यूपी 61 बीटी 3974, सुरक्षित बच गया।

चालक गुरमीत सिंह ने बताया कि अयोध्या हाईवे से प्यारेपट्टी होते हुए सुलतानपुर-दोमुहा रास्ते पर पहुंचते ही सामने से आ रहे एक ट्रेलर ने साइड मारी। इससे टैंकर का एक पहिया सड़क किनारे जल जीवन मिशन के लिए खोदे गए गड्ढे में उतर गया, जिससे टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया।



फीडबैक दें

**आज का राशिफल**

मेष

**मेष | Aries**

पॉजिटिव- प्रॉपर्टी की खरीद-बिक्री से जुड़ी कोई योजना पूरी होने की उम्मीद है। किसी करीबी मित्र या रिश्तेदार की सलाह भी आपके लिए उपयोगी साबित होगी। आपके संतुलित

और पढ़ें

GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Follow us on

हादसे में बलरामपुर निवासी चालक गुरमीत सिंह घायल हो गए। आसपास के लोगों ने आवाज सुनकर मौके पर पहुंचकर उन्हें टैंकर से बाहर निकाला। गुरमीत सिंह ने तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को घटना की सूचना दी।

एथेनॉल एक ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण सूचना मिलते ही रात में ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। पलटे हुए टैंकर से केमिकल की गंध आ रही थी, जिससे रिसाव की आशंका जताई गई। सुरक्षा के मद्देनजर दो बड़ी और एक छोटी फायर ब्रिगेड वाहन अभी भी मौके पर तैनात हैं।

पुलिस और प्रशासन ने सुलतानपुर से दोमुहा रोड पर यातायात पूरी तरह से बंद कर दिया है। दोमुहा चौराहा और भुलकी चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस और बैरियर लगाए गए हैं। रोड बंद होने के कारण स्कूली वाहनों और आम लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

देहात कोतवाल धर्मबीर सिंह ने बताया कि सुरक्षा कारणों से सड़क पर यातायात रोका गया है।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं ➔
+Follow us

Grievance Redressal Policy |
Contact Us | RSS |
Cookie Policy | Privacy Policy

Our Divisions
DainikBhaskar.com
DivyaBhaskar.com
BhaskarEnglish.in
DivyaMarathi.com
MoneyBhaskar.com
BhaskarAd.com

Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.

फीडबैक दें

श्रीमान,

ग्राम पंचायत छतौना में इनके द्वारा पाइप लाइन बिछाने का कार्य एक से डेढ़ साल पहले किया गया था जिसका पुनर्स्थापन पूर्णतया कर दिया गया था, विगत दिवस जो एथेनॉल से भरा टैंकर पलटा था, उसको निकालने के लिए जे. सी. बी. और क्रेन का उपयोग किया गया, जिसकी वजह से मिट्टी को एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट किया गया, जिससे जल जीवन मिशन की पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई।

गवाहान,

Vishal

Shah Nawaz

स्वराज

रज्जब खाँ

राम कुमार

Londdon

Mohd Kaif

जीशान खान

809098012

9795817001

7860742073

9919027712